छात्रों को आपदा प्रबंधन सामग्री की जानकारी दी

सीकर, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला सीकर, नीमकाथाना क्षेत्र में राज्य सरकार के सहयोग से 6 आपदा प्रबंधन केंद्र खुले हुए हैं।

जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करड, राजकीय उच्च माध्यमिक थोई, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाजोद, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैसवा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबला जिला मुख्यालय बड़ा तालाब सीकर शामिल है। अत्यधिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थोई के स्काउट गाइड आपदा प्रबंधन केंद्र पर मौजूद आपदा प्रबंधन सामग्री का स्काउट व अन्य छात्रों, आपदा प्रबंधन केंद्र सदस्यों ने अवलोकन किया व उनको आपदाओं में किस प्रकार से सामग्री का उपयोग कर लोगों की जान बचाई जा सकती है का प्रदर्शन करने के बारे में सुवालाल सचिव स्थानीय संघ थोई रामकरण वर्मा आपदा प्रबंधन केंद्र प्रभारी ने सभी को जानकारी प्रदान की व सामग्री की उपयोगिता की जांच की। मौजूद सामग्री लाइफ ट्यूब, लाइफ जैकेट, रोक क्लाइंबिंग रस्सी, स्ट्रेचर, कंबल, इमरजेंसी लाइट, हेलमेट, गम बूट, बाल्टिया ग्लब्स, सीढ़ी, फर्स्ट एड बॉक्स, टूल किट, अनेक सामग्रियों को दिखाया।

कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का पाइप लीकेज होने से व्यर्थ बह रहा पानी

- पेयजल सप्लाई बाधित होने से ग्रामीण परेशान हो रहे
- अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नहीं हो रहा समाधान
- खेतड़ी उपखंड की पोलू की ढाणी में कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का पाइप लीकेज होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के नानूवाली बावड़ी पंचायत की पोलू की ढाणी में कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का पाइप लीकेज होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। पाइप लाइन से पानी निकल जाने से पेयजल सप्लाई भी पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है।

क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक करवाने को लेकर ग्रामीणों की ओर से परियोजना के अधिकारियों को अवगत भी करवा दिया गया है, लेकिन विभाग के अधिकारियों की नाकामी के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है। ग्रामीण संजय कुमार सैनी ने बताया कि सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक पेयजल की सप्लाई की जाती है।

इस दौरान कुंभाराम लिफ्ट परियोजना की सप्लाई लाइन में लीकेज होने से पानी खेतों में बह रहा है, जिससे क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। वहीं प्रशासन की लापरवाही के चलते हजारों लीटर पानी रोज व्यर्थ बह रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब एक पखवाड़े से कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का पाइप लीकेज होने की वजह से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है । जबकि ढाणियों में पानी की सप्लाई समय पर नहीं हो पा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है।

ग्रामीण संजय सैनी ने बताया कि कुंभाराम लिफ्ट जल परियोजना का मैन पाइप लीकेज होने से खेतों में पानी बह रहा है। एक तरफ उनके घरों के नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है, दूसरी ओर पोलू की ढाणी में हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। परियोजना के अधिकारी रोजाना इसी सड़क से होकर गुजरते हैं जो अनजान बने हुए हैं।

इसके अलावा मुख्य सड़क के पास पाइप लाइन टूटी हुई है। इसके अलावा सड़क पर पानी आने से सड़क भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इस संबंध में कुंभाराम लिफ्ट परियोजना के एक्सईएन गंगाराम ने बताया कि मुख्य लाइन में लीकेज होने की जानकारी मिली है तथा जल्द ही लाईन को ठीक करवाकर पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से करवा दी जाएगी।

पेयजल कनेक्शन को लेकर शिविर आज से

सरदारशहर, (निसं)। नगरपरिषद में 9 सितंबर से आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण अंतर्गत प्रगतिरत पेयजल व सीवरेज परियोजना कार्य में पेयजल कनेक्शन से वंचित उपभोक्ताओं को जलदाय विभाग के माध्यम से नवीन पेयजल कनेक्शन जारी करवाने की कार्यवाही हेतु विभाग द्वारा वार्ड नंबर 13 से 20 के लिए वार्ड वार शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मनोज कुमार ने बताया कि शिविरों में विभाग द्वारा नियुक्त टीम द्वारा आमजन को सहयोग प्रदान करने के लिए वार्ड पार्षदों के सहयोग से वार्ड वार शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 09 सितंबर को सवेरे 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक वार्ड नंबर 13 के लिए, दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक वार्ड नंबर 14 के लिए, 10 सितंबर को सवेरे 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक वार्ड नंबर 15 के लिए, दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक वार्ड नंबर 16 के लिए, 11 सितंबर को सवेरे 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक वार्ड नंबर 17 के लिए, दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक वार्ड नंबर 18 के लिए, 12 सितंबर को सवेरे 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक वार्ड नंबर 19 के लिए, दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक वार्ड नंबर 20 के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे।

दिव्यांग चिकित्सा शिविर आयोजित

चूरू, (निसं)। वार्ड 30 स्थित एसबीआई मुख्य शाखा के पीछे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी दिवस पर दिव्यांगों की सेवार्थ विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. सुमित गर्ग ने दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम व चिकित्सकीय संसाधनों के माध्यम से लाभान्वित किया। इस अवसर पर गर्ग ने कहा कि भौतिक चिकित्सा दिव्यांगों के लिए अत्यधिक कारगर है।

उन्होंने फिजियोथेरेपी के महत्व पर प्रकाश डालते हुये जीवन में इसकी उपयोगिता बताई। रॉयल विकलांग विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रुकनखानी के निर्देशन में आयोजित शिविर में दिव्यांगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। डॉ. गर्ग ने बताया कि पेरिस में चल रहे पैरालंपिक खेलों से प्रेरणा लेकर अब चूरू में भी विशेष टीमों का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. सुमित गर्ग ने पैरालंपियन खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क विशेष परामर्श देने की घोषणा की। इस अवसर पर जितेंद्र, राकेश शर्मा, यशोदा, मुस्कान, हारून, सफीक कुरैशी, धनाराम मेघवाल व हारून जर्रा सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे। इसी क्रम में स्थानीय डीबी अस्पताल में भी वर्ल्ड फिजियोथैरेपी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शिविर में 218 मरीजों की आंखें जांची

सरदारशहर, (निसं)। लायंस क्लब डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर स्व.राजेश्वरीदेवी जांगिड की पुण्य स्मृति में उनके पति महावीर प्रसाद जांगिड़ परिवार के सौजन्य से अर्जुन क्लब राजकीय शहरी चिकित्सालय में लगाया गया।

शिविर का शुभारंभ महावीर प्रसाद जांगिड़, ऊर्मिला जांगिड ने फीता काट कर करके किया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिव्या खंडेलवाल की टीम ने 218 मरीजो की जांच कर ऑपरेशन हेतु 70 मरीजों का चयनित किया।मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि सभी चयनित 70 मरीजों को बस द्वारा जयपुर ले जाया गया। गत कैंप में आपरेशन किये 60 मरीजों को चश्मे भेंट किये गये। शिविर को सफल बनाने में लायन अनिल गोयल, लायन सुशील भोजक, किशोर भारद्वाज, आसकरण सोनी, मुबारक तुगलक, पूनमचंद भाटी, राशिद बेहलीम, घनश्याम बोचिवाल, देवचंद सोनी, महेंद्र निर्वाण, धीरज जांगिड़, फूसदास स्वामी, सुमन कंवर, गंगाधर जांगिड ने सहयोग किया।

बंद मकान में 23 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त

झुंझुनूं, (निसं)। कोतवाली पुलिस ने बंधे का बालाजी मंदिर के पीछे स्थित एक बंद पड़े मकान में दबिश देकर 23 कार्टन अवैध शराब के जब्त किए हैं।

कोतवाली थाने के एसआई रामनिवास ने बताया कि डीएसटी के जरिए उन्हें सूचना मिली थी कि बंधे का बालाजी मंदिर के पीछे स्थित आजम नगर में एक मकान में अवैध शराब रखी होने की सूचना मिली थी। जिस पर उन्होंने टीम के साथ दबिश दी तो मकान बंद मिला। मकान के अंदर बने दो कमरों में से एक कमरे में 23 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब मिली। जिसे जब्त कर लिया गया है। वहीं मौके पर एक बिजली का बिल मिला है। जो संभवतया मकान मालिक का है। इस बिल के आधार पर आगे की जांच कर आरोपी तक पहुंचा जाएगा। वहीं अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अवैध शराब का मामला दर्ज कर लिया गया है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजस्थान के पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-RAJ/SECTT/project/cat.B2 (0056)/2023-2024 जयपुर दिनांक 14.06.2024 द्वारा श्रीमती मनोहर कंवर पत्नी रणवीर सिंह गांव ठठावता तह. रतनगढ़ जिला चूरू के पक्ष में एम एल नं. 13/2000, क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 14.06.2024 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्धहै।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजस्थान के पत्र संख्या F1 (4)/SEIAA/SEAC-RAJ/SECTT/project/cat. B2 (0149)/ 2023-2024 के द्वारा कुबेर माइनिंग एंड मिनरल्स, राठौर ट्रेवल्स एजेंसी बस स्टैंड रतनगढ़ जिला चुरु राजस्थान के पक्ष में एम एल न. 135/1991, क्षेत्रफल 0.8259 हेक्टर में खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट व स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 10.07.2024 द्वारा प्रदान की गई है। निकट ग्राम बीरमसर तहसील रतनगढ़ जिला चूरू उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल के कार्यालय की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राज. के पत्र संख्या F1 (4)/SEIAA/SEAC-RAJ/SECTT/project/cat.B2 (0055)/2023-2024 जयपुर दिनांक 14.06.2024 द्वारा रणजीत ढाका पुत्र श्री पन्नालाल ढाका गांव बिरमसर तहसील रतनगढ़ जिला चुरु राजस्थान के पक्ष में एम एल नं. 09/1991 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर में खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/ स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 14.06.2024 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजस्थान के पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-RAJ/SECTT/Project/cat.B2(0244)/2023-2024 जयपुर दिनांक 11.07. 2024 द्वारा राजकुमार गोलवा पुत्र श्री सुखलाल गोलवा गांव बीरमसर तह. रतनगढ़ जिला चूरू राजस्थान के पक्ष में एम एल न. 05/2000 क्षेत्रफल 01 हेक्टर में खसरा नंबर 421/ 31, मेसनरी स्टोन ब्लास्ट व स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 11.07.2024 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या RJ/24/SEAC2/MIN/R.EC/0057/cat.B2/2023-2024जयपुर दिनांक 14.06.2024 द्वारा विमला देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश मील गांव हथियान चारणान की ढाणी तहसील फतेहपुर जिला सीकर राजस्थान के पक्ष में एम एल नं 05/1991 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर में खसरा नं 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/ स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 14.06.2024 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृत की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या RJ/24/SEAC2/MIN/R.EC/0087/cat.B2/2023-2024 जयपुर दिनांक 14.06.2024 द्वारा प्रवीण कुमार पुत्र श्री रण सिंह गांव कीढ़वाना तहसील सूरजगढ़ जिला झुंझुनू राजस्थान के पक्ष में एम एल नं. 10/1991 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 14.06.2024 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in प्रदान जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या RJ/24/SEAC2/MIN/R.EC/0085/cat.B2 / 2023-2024 जयपुर दिनांक 14.06.2024 द्वारा मेसर्स श्री शिव शक्ति इंडस्ट्रीज गांव बीरमसर तह. रतनगढ़ जिला चुरु राजस्थान के पक्ष में एम एल नं.07/1991, क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर में खसरा नं 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट / स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 14.06.2024 द्वारा प्रदान की गई है । उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

ताइक्वांडो की जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

झुंझुनूं, (निसं)। डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनू में 68वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो एवं सेपक तकरा 17 एवं 19 वर्षीय छात्र-छात्रा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुभाष योगी, संस्था के चेयरमैन राजेंद्र मंडीवाल, डायरेक्टर राजेश मंडीवाल तथा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा मशाल जलाकर किया गया।

इसके बाद सेपक तकरा चयन समिति के संयोजक सुमेर सिंह बेनीवाल द्वारा खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण करवाई गई। इनके साथ ताइक्वांडो चयन समिति के संयोजक राजकुमार ने भी इस प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि सुभाष योगी ने खिलाड़ियों में उत्साह के लिए घोषणा की कि 17 एवं 19 वर्षीय लड़कियों और लड़कों की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 1100 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जबकि द्वितीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को 500 रूपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। विद्यालय के चेयरमैन द्वारा खिलाड़ियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने कौशल और मेहनत का अद्भुत प्रदर्शन किया और अपनी लगन से सफलता प्राप्त की। इसके साथ झुंझुनूं में चल रही जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में डिवाइन स्कूल के अंडर 14 आयु वर्ग में आयुष एवं प्रतीक कक्षा सात ने स्वर्ण पदक जीत कर संस्था को गौरवान्वित किया।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रैली निकाली

सीकर, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ थोई नीमकाथाना सीकर के तत्वावधान एवं झाबरमल बिवाल प्रधान स्थानीय संघ थोई, राम प्रसाद सैनी मुख्य आतिथ्य में सचिव सुवालाल कुमावत, सहायक सचिव घासीराम वर्मा , अभीर सिंह,सुरेश समोता, रोवर लीडर गुलझारीलाल सैनी, राष्ट्रपति स्काउट मनीष कुमावत, रोवर राम प्रसाद भास्कर , स्काउट मनीष रोलानिया ,सूणा राम , कालूराम बुनकर, के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता ,पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान साक्षरता रैली भी निकाली गई। इस दौरान सबको साक्षर बनाने का संदेश दिया गया।

उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ने रविवार को भी उपभोक्ताओं की पीड़ा सुनीं

- उपभोक्ता आयोग में लंबित पुराने प्रकरणों के निस्तारण के लिए न्याय टेबल पर समझाइश का नवाचार किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में रविवार को अवकाश के दिन भी जिला आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने पीड़ित उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं। उल्लेखनीय है कि आगामी 28 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में पुराने लंबित प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत की भावना से करवाने के लिए दोनों पक्षों को न्याय टेबल पर लाकर समझाइश कर पुराने मुकदमों का निपटारा करवाने के लिए उपभोक्ता आयोग द्वारा नवाचार किया गया है।

उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने बताया कि राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जस्टिस देवेंद्र कच्छवाहा के दिशा-निर्देशों में पुराने लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने एवं अधिनियम की मूल पवित्र भावना के उद्देश्य को पूरा करते हुए पीड़ित उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय देने के सद्प्रयास के रूप में जिला उपभोक्ता आयोग में लोक अदालत की न्याय टेबल नाम से एक नई शुरुआत की गई है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यालय से संबंधित दोनों पक्षकारों को अपने प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत की भावना से करवाने के लिए समझाइश के साथ प्रेरित व व्यक्तिगत रूप से सूचित करवाया जा रहा है। मील ने बताया कि लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर वाद-विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है और लोक अदालत अवार्ड की अपील नहीं होती है। इससे राज्य व राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग और उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट में भी मुकदमों का अनावश्यक भार नहीं बढ़ता है। मील ने बताया कि पुराने प्रकरणों का निस्तारण करवाना प्राथमिकता में है और लोक अदालत में जो पुराने प्रकरण निस्तारित नहीं होंगे, उनको दिन-प्रतिदिन की सुनवाई में लेकर निर्णित किया जाएगा।

स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

सीकर, (निसं)। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68वीं जिला स्तरीय 17/19 आयू वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ जिला मुख्यालय पर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में किया गया।

स्वामी सिद्धेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद, सीमा चौधरी ने की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने बच्चों से खेलों को खेल भावना से ही खेलने का आग्रह किया। समारोह को विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हरिराम रणवा ने भी संबोधित किया। सुरेश मांड्या आयाम एकेडमी, निजी शिक्षण संस्थान संघ, सीकर अध्यक्ष बी.एल. रणंवा, स्कूल शिक्षा परिवार, सीकर अध्यक्ष सुरेश चौधरी, निजी शिक्षण संघ धोद, अध्यक्ष गोपाल मंडिवाल और विद्यालय के संरक्षक सोहनलाल शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे।

संस्था के निदेशक संतोष शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 165 टीम में भाग ले रही हैं। आज कुल 42 लीग मैच हुए जिसमें उद्घाटन मैच जीएसएस नाड़ी और प्रिंस एकेडमी सीकर के मध्य खेला गया, जिसमें जीएसएस नाड़ी विजयी रही।

आगंतुकों का स्वागत विद्यालय के अध्यक्ष विनोद शर्मा, प्रहलाद शर्मा, मख्खनलाल शर्मा एवं नरेश प्रधान द्वारा किया गया । मंच संचालन विद्यालय के सौरभ पाटनी द्वारा किया गया।

बालिकाओं को टी शर्ट, अध्ययन सामग्री बांटी

सरदारशहर, (निसं)। रोटरी क्लब द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर गिड़गिचिया रोड़ स्थित राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय क्लब द्वारा 93 बालिकाओं को टी शर्ट एवं अध्ययन सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक, वि.अति. एसीबीईओ बाबूलाल शर्मा, रोटरी जिला 3053 के जिला साक्षरता चैयरमेन राजकुमार तिवाड़ी ने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय सैनी, क्लब सचिव विश्वेन्द्रसिंह बिल्लयूं, डॉ.अशोक गुप्ता, मुकेश सैनी, डॉ.डीसी गौतम, राजवी भोजक, यूसीपीईईओ गौरीशंकर शर्मा, तहसील साक्षरता समन्वयक मुकेश, संस्था प्रधान इन्द्रावती बंगरवा, स्टॉफ एवं बालिकाएं उपस्थिति थी।

गणेश जन्मोत्सव गाजेबाजे के साथ धूमधाम से मनाया

बीदासर, (निसं)। कस्बे में शनिवार की रात्रि में विभिन्न गणेश मंदिरों व पांडालों में चल रहे गणेश जन्मोत्सव के धार्मिक आयोजन में भक्ति व आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे की धार्मिक संस्था गणेश जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में पुराने गणेश मंदिर के पास अग्रसेन नोहरे में शनिवार की देर शाम गणेश जन्मोत्सव गाजेबाजे व आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर छोटे बालक गणेश रूप ने केक काटा। भगवान गणेश के मोदक के लड्डुओं का भोग लगाया गया। रात्रि में महा आरती व ज्योत के बाद रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बीनादेसर के दलीप राणा एंड पार्टी के भजन गायकारों भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रृंद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि जागरण में भजन गायकारों का स्वागत समिति के अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा, मुख्य यजमान परमेश्वर लाल कंदोई, प्रभुदयाल शर्मा, सुरेंद्र टांटिया, मनोज पंसारी ने किया।

सिद्धि विनायक विनायक गणेश मंदिर में श्री शिवम सुंदरकांड सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति शनिवार की रात्रि में होने वाले महा जागरण से हुई। मंदिर प्रांगण में होने वाली रात्रिकालीन महाआरती में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओ ने मंदिर प्रांगण में दर्शन कर देश में खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। महाआरती के पश्चात रात्रि में महा जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायकार आकृति मिश्रा व तुलसीराम एंड पार्टी के भंजन गायकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रंद्धालुओं को देर रात्रि तक बांधे रखा।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में 68वीं जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। इस मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर के द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों से परिचय लिया। प्रतियोगिता में 14 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग के बीच मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले 8 से 12 सितंबर के बीच आयोजित होंगे। जिसमें जिले की 20 स्कूलों के 50 से अधिक प्रतियोगी भाग लेंगे। खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रतियोगिता संयोजक व निर्णायक संतोष जाखड़, शारीरिक शिक्षिका मुन्नी डूडी, सुवापति, रैफरी भरत सिंह, मानवेंद्र सिंह, दिलबर नेगी, संदीप योगी तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा ने महंत व पुजारियों का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनूठी पहल करते हुए नवाचार कर श्रद्धा केंद्र सम्मान अभियान के अंतर्गत सभी मंदिरों और मठों के महंत व पुजारियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर एक किट के माध्यम से अंगवस्त्र, शॉल, श्रीफल, हनुमान चालीसा आदि भेंट कर सम्मान स्वरूप पार्टी पदाधिकारियों के माध्यम से भिजवाया है।

रविवार को जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी एवं मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में झुंझुनूं के मंदिरों व मठों के पुजारियों को शॉल, पार्टी दुपट्टा ओढ़ाकर व हनुमान चालीसा की पुस्तक के साथ श्रीफल आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बगड़ रोड स्थित श्री गणेश मंदिर से किया गया। श्री गणेश मंदिर के महंत पुजारी सुनील स्वामी को सम्मानित किया गया। इसके बाद चंचलनाथ टीला पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज का चरण वंदन कर सम्मान किया गया। इसके अलावा श्याम मंदिर, लावरेश्वर महादेव मंदिर, इच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर सहित अनेक मंदिरों के पुजारियों का भाजपा का श्रद्धा किट भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीयता, संस्कृति व पुरातन धार्मिक धरोहरों की सुरक्षा के प्रति दायित्ववान व समर्पित हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस अनूठी पहल से भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को मठों व मंदिरों के महंत व पुजारियों के आशीर्वाद के साथ संबल भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल, जिला संयोजक सोशियल मीडिया एव पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उमाशंकर महमिया, शहर महामंत्री रवि लांबा आदि मौजूद रहे।

					16.) बिनीता पत्नि ललित कुमार बैरासरिया हिस्सा-727/5600 निवासी वार्ड न.10 क़स्बा राजगढ़ खातेदार 17.) सुधा पत्नि सजन हिस्सा-4/131 निवासी राजगढ खातेदार 18.) सुरेश पुत्र मेघराज हिस्सा- 4/131 निवासी डी. 325 विवेकविहार दिल्ली 95, खातेदार 19.) सुरेशकुमार पुत्र रामकुमार हिस्सा- 9/131 निवासी सिधमुख खातेदार 20.) सागरमल पुत्र गुमानीराम हिस्सा-443682037/1258124000 निवासी राजगढ खातेदार 21.) होशियारसिंह पुत्र जीवणराम हिस्सा-193/26200 निवासी लम्बोरछोटी खातेदार
			Total	1.8947	

[फा. सं. RW/JAI/RJ/CE-RO/NH-12012/2017-18/04/3D]

अभय जैन, निदेशक

MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

NOTIFICATION

New Delhi, the 29th August, 2024

S.O. 3684(E).— Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways, 2436-E Dated: 24/06/2024 , published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) issued under sub-section (1) of section 3A of the National Highway Act, 1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government declared its intention to acquire the land specified in the Schedule annexed to the said notification for building (widening/two lane with paved shoulder etc.), maintenance, management and operation of National Highway No. 709 ext. Section of Rajgarh-Haryana Border from Km 0+000 to Km 60+300 of NH-709 ext. in the District Churu, in the State of Rajasthan

And whereas the substance of the said notification has been published in "Rashtradoot" dated 10 July 2024 and "Jaipur Times" dated 9 July 2024 both under sub-section (3) of section 3A of the said Act;

And whereas the Competent Authority has received objections filed under Section 3-C, considered and settled the same appropriately;

And whereas, in pursuance of sub-section (1) of section 3D of the said Act, the competent authority has submitted its report to the Central Government;

Now, therefore, upon receipt of the said report of the competent authority and in exercise of the powers conferred by the sub-section (1) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that the land specified in the said Schedule should be acquired for the aforesaid purpose;

And further, in pursuance of sub-section (2) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that on publication of this notification in the Official Gazette, the land specified in the said Schedule shall vest absolutely in the Central Government, free from all encumbrances.

DIPR/C/8169/2024

'वन टीच वन' अभियान से जिले को सम्पूर्ण साक्षर बनाना है : राठौड़

- 58 वें अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला साक्षरता एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने साक्षरता में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया

चूरू, (निसं)। 58 वें अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला साक्षरता एवं महिला